NEWS इन ब्रीफ

## संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ का 39वां वार्षिकोत्सव कल

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला बैस्य समाज के जिला अध्यक्ष प्रभात कुमार गुप्ता उर्फ पिंटू गुप्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि 9 सितंबर दिन शनिवार को शहर के टाउन हॉल में संत शिरोमणि बाबा गणिनाथ गोविंद जी महाराज का 39 वां वार्षिक महोत्सव काफी धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डीआईजी सीआरपीएफ कमांडेंट डीएन लाल और पूर्व मेयर अरुणा शंकर मुख्य रूप से भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि 9 सितंबर को सुबह 7:00 बजे से लेकर 9:00 बजे तक श्रीगणिनाथ गोविंद जी का पूजन एवं भजन तथा 9:30 बजे से झंडोतोलन का कार्यक्रम किया जाएगा।वही
**10 बजे से प्रसाद वितरण**
**11:00 बजे से शोभायात्रा नगर भ्रमण**
1:00 बजे से सामूहिक भोजन एवं खेलकूद प्रतियोगिता,2:00 बजे से मंच पर दीप प्रज्वलित स्वागत गान अतिथियों का स्वागत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम और 4:00बजे से पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा

## लेट्स डू इट फाउंडेशन के झारखंड राज्य प्रमुख की नियुक्ति

**सतबरवा ।** निवासी संजय प्रसाद उर्फ गुड्डु को लेट्स डू इट फाउंडेशन के झारखंड राज्य का प्रमुख नियुक्त किया गया है। ये नियुक्ति लेट्स डू इट फाउंडेशन के प्रो पंकज चौहान ने की है, जो लेट्स डू इट फाउंडेशन के चीफ हैं। इस संस्था का मुख्य कार्यालय नयी दिल्ली के होटल ली मिरीडियन विंस्डर प्लेस में है। अपने चयन पर संजय प्रसाद ने कहा , जिम्मेवारी बड़ी है, आप सबों के सहयोग से आगे विकास कार्यों को गति देने का प्रयास करूंगा। यह संस्था एनजीओ के रूप में रजिस्टर्ड है।

# पानी भरने के क्रम में हुई मार पीट में एक महिला घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत रेहला थाना क्षेत्र के बिशुनपुर में पानी भरने के क्रम में दूसरे पक्ष के लोगों के साथ हुई मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। वहीं बीच बचाव में उतरे महिला के पति को भी थोड़ी चोट आई है। परिजनों ने रेहला थाना पुलिस को उक्त वाकये की जानकारी दे दी है। साथ ही इलाज हेतु विश्रामपुर सीएचसी में दोनो पति- पत्नी को लाया गया है। पत्नी का नाम फरजाना बीबी व पति का नाम जावेद अंसारी बताया जा रहा है। सीएचसी चिकित्सक डॉ. धीरज कुमार ने प्राथमिक उपचार कर महिला को सीटी स्कैन कराने हेतु जिला अस्पताल मेदिनी नगर रेफर कर दिया है। जबकि पति की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

# जन्माष्टमी पर बाबा योगीवीर देव स्थल परिसर में भक्ति जागरण का आयोजन

### निकाली गई आकर्षक झांकी, देखने के लिए उमड़े श्रद्धालु

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के पावन अवसर पर रेहला स्थित बाबा योगिबिर देव स्थल परिसर में बुधवार की रात भक्ति जागरण का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी,रेहला थाना प्रभारी नेमधारी रजक व एस.एस.सतीश कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष श्याम किशोर चंद्रवंशी और संचालन राजीव रंजन ठाकुर व सचिव ज्वाला गुप्ता ने बारी-बारी से किया। जगराता में बनारस की सुप्रसिद्ध गायिका नंदनी स्वराज व इलाहाबाद की लोकप्रिय गायिका जुली सिंह ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीत व भजन प्रस्तुत कर



लोगो का मन मोह लिया। इससे पहले कलकत्ता के प्रसिद्ध बंटी एंड ग्रुप के द्वारा भगवान कृष्ण के बाल लीलाओं की आकर्षक झांकी निकाली गई। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, वरीय भाजपा नेता डॉ बीपी शुक्ला, संत पॉल कान्वेंट स्कूल के निदेशक एस एम एस्ले,डॉ अनिल कुमार सिंह, समाजसेवी रंजीत सिंह, राजेश चौबे, राजू, पिंटू ,केशरी, दिनेश शुक्ला, आलोक शुक्ला, विनोद सिंह, कुमार कालिका सिंह उर्फ राजू सिंह, संजू सिंह, कृपा शंकर सिंह, नीरज सिंह, धीरज सिंह, सुमित कुमार, असलम बहादुर सहित कई लोग मौजूद थे।

# अष्टभूजी साई मंदिर प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** नगर परिषद अंतर्गत नावाडीह कला आरसीआईटी कॉलेज स्थित मां अष्टभुजी साईं मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में आरसीयू से संबद्ध कॉलेज के छात्र छात्राओं ने ही सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय विधायक पुत्र सह भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी व लक्ष्मी चंद्रवंशी महिला महाविद्यालय के प्राचार्या नूतन रानी में संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने एक से बढ़ कर एक गीत,नृत्य झांकी व नाटक प्रस्तुत कर अतिथियों का मन मोह लिया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों के बीच पुरस्कारों का वितरण अतिथियों द्वारा किया गया। मौके पर इदरीश हवारी,प्रमिला शुक्ला,असलम बहादुर सहित कई लोग मौजूद थे।

# हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र में मच्छरों का प्रकोप बढ़ा, नगर पंचायत विफल

### लाखों रुपये की लागत से खरीदी गई फॉगिंग मशीन जंग खा रही है

### इस उपकरण का कोई उपयोग नहीं किया जा रहा है



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शहरी क्षेत्र में इन दिनों मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है।इससे क्षेत्र में डेंगू जैसी खतरनाक बीमारी बढ़ने की संभावना भी तेज हो गयी है। अभी एक सप्ताह पूर्व हैदरनगर थाना क्षेत्र में डेंगू के दो मरीज मिले हैं। जिनका इलाज रांची में किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार हुसैनाबाद में अभी लगातार एक दो माह से मलेरिया और टायफाइड जैसी जानलेवा बीमारियों के मरीजों में काफी इजाफा हुआ है। किन्तु नगर पंचायत इसे रोकने में विफल साबित हो रही है। इधर शहर के लोगों का कहना है कि दो -तीन वर्ष पहले नगर पंचायत के द्वारा मच्छरों के प्रकोप से बचने के लिए फॉगिंग मशीन से शहर के विभिन्न गली मोहल्लों में कीटनाशक कैमिकल से धुआं किया जाता था। इससे कुछ राहत मिलती थी। लेकिन इस बार नगर के कई प्रतिनिधि पुनः चुनाव लड़ने हेतु बेताब हैं, किन्तु शहरवासियों की समस्याओं के निराकरण से कोई खास मतलब नहीं है। लाखों रुपये की लागत से खरीदी गई फॉगिंग मशीन जंग खा रही है। इस उपकरण का कोई उपयोग नहीं किया जा रहा है। नगर पंचायत के प्रतिनिधि बैनर और विज्ञापन के सहारे सिर्फ विकास का झूठा ढिंढोरा पीटते फिरते रह गए। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी या फिर सिटी मैनेजर की लापरवाही का नतीजा है कि हुसैनाबाद शहर में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। नगर क्षेत्र में कचरा फेंकने के लिए एक भी डस्टबिन वर्तमान में नही है। मुख्य सड़क पर ही कचरे का ढेर देखा जा सकता है। हालांकि इसके लिये शहरवासी भी कम दोषी नहीं है, जो कचरे को बीच सड़क पर ही फेंक देते हैं। जबकि नगर पंचायत की ओर से उन्हें व्यक्तिगत तौर पर डस्टबीन उपलब्ध कराया गया है। नगर पंचायत प्रतिनिधियों का कार्यकाल भी अब समाप्त हो गया है। इसके साथ ही इनके अधिकार छीन लिये गये हैं। किंतु क्या इनका अब कोई कर्तव्य भी नहीं रह गया है? जो रोज उस रास्ते से आते जाते है और देखते हैं कि कई उपकरण बर्बाद हो रहे हैं,किन्तु उन्हें उससे कोई लेना-देना नहीं है। यही कारण है कि नगर पंचायत की इस लापरवाही के कारण शहरवासियों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। अभी वर्तमान में तीन दिनों से सफाई कर्मी वेतन वृद्धि की मांग को लेकर हड़ताल पर हैं। जिससे गंदगी का अंबार लग गया है।

# बैंक ऑफ इंडिया का मना 118वां स्थापना दिवस

**नवीन मेल संवाददाता**



**मेदिनीनगर।** बैंक आफ इंडिया का 118 वा स्थापना दिवस शहर के माहिन्द्रा आर्केड परिसर में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा प्रबंधक अनिल रजक व संचालन गुलाम मुस्तफा ने की ।कार्यक्रम का उद्घाटन बैंक के वरीय खाताधारी बैंकुठ सिह ,समाजसेवी सोनु सिंह नामधारी द्वारा केक काटकर किया गया। कार्यक्रम में कई खाताधारियों को बैंक प्रमाण पत्र व मोमेटो देकर सम्मानित किया गया । मौके पर शाखा प्रबंधक अनिल रजक ने कहा कि किसी भी बैंक का ग्राहक भगवान के स्वरूप होते है। उन्होंने कहा कि ग्राहक हैं तभी बैंक है। बैंक में आये ग्राहकों को संतुष्ट करना ही प्रथम कर्तब्य बनता है। मौके पर कई वक्ताओ ने कहा कि बैंक आफ इंडिया द्वारा बेहतर सेवा दी जा रही है। यही कारण है कि आज पलामू जिले में कई शाखाए संचालित किया जा रहा हैं। मौके पर सोनु दुबे, साहेब सिंह नामधारी ,आनंद कुमार, निता कुमारी ,विनित राज, पुरन कुमार प्रिये, नवजीत खलखो, आदेश कुमार पाण्डेय, बिमलेश कुमार चौधरी, गुलाम मुस्तफा सहित बैंक के कर्मचारी उपस्थित थे।

## दिवंगत भाजपा नेता के ब्रह्मभोज में सांसद सहित कई दिग्गज हुए शामिल

**विश्रामपुर।** पलामू जिला के दिवंगत वरीय भाजपा नेता सतेंद्र नाथ चौबे उर्फ ललन चौबे के पैतृक गांव केतात में आज ब्रह्मभोज संपन्न हुआ।जिसमे पलामू सांसद विष्णु दयाल राम सहित कई दिग्गज नेता शामिल हुए।सभी नेताओं ने स्व.ललन चौबे के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।इसके बाद महाभंडारा में प्रसाद ग्रहण किया।ब्रह्मभोज में शामिल होने वालों में कांग्रेस के पूर्व विस प्रत्याशी अमृत शुक्ला,वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे,धर्मदेव सिंह यादव,अजा आयोग के पूर्व अध्यक्ष शिवधारी राम, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, पंकज तिवारी, ईश्वरी पांडेय, कुश सहित कई लोग मौजूद थे।

## अवैध देशी शराब के खिलाफ छापामारी, एक गिरफ्तार

**विश्रामपुर।** उत्पाद विभाग की टीम ने आज विश्रामपुर के वार्ड संख्या 16 के दलित मुहल्ला में अवैध देशी शराब विक्रेताओं व निमार्ताओं के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें टीम के द्वारा तीस लीटर से भी ज्यादा देशी शराब को नष्ट किया गया। वहीं उत्पाद विभाग के सहायक अवर निरीक्षक अनूप प्रकाश ने बताया कि विश्रामपुर के दलित मुहल्ला से 30 लीटर से भी ज्यादा अवैध देशी शराब को जब्त किया गया है। वहीं मौके से एक अभियुक्त को भी हिरासत में लिया है। मौके पर विभाग के कई कर्मी मौजूद थे।

## मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में युवक को भेजा गया जेल

**मेदिनीनगर।** पलामू एसपी रिशमा रमेशन के निर्देश पर लेस्लीगंज थाना प्रभारी के नेतृत्व में मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में लेस्लीगंज थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने बताया कि मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में एक प्राथमिकी अभियुक्त को लेस्लीगंज थाना पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त तरहसी थाना क्षेत्र के कसमार गांव निवासी लालदेव यादव का 25 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार है, जिसे थाना पुलिस के द्वारा गुरुवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर कांड में चोरी की गयी अपाची मोटर साईकिल यूपी 77 एएम 0209 और कांड में प्रयोग किये गये स्प्लेंडर मोटर साईकिल जेएच 03 सी 6770 को जब्त किया गया। मालूम हो कि 29 अगस्त को उत्तर प्रदेश कानपुर देहात के रमेश सिंह के 19 वर्षीय पुत्र सुभाष सिंह की अपाची मोटरसाइकिल लेस्लीगंज में चोरी हुई थी। सुभाष किराये पर लेस्लीगंज के डबरा में रहता है। जो बाजार करने लेस्लीगंज आया था। सुभाष की लिखित शिकायत पर लेस्लीगंज थाना में मोटरसाइकिल चोरी से संबंधित मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद लेस्लीगंज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के आदेश पर छापेमारी के लिए एक टीम गठित कर गहन अनुसंधान और छापेमारी कर त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड का उद्भेदन किया गया। थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने बताया कि कांड मे संलिप्त अन्य अपराधीयों के विरुद्ध लगातार छापामारी की जा रही है। छापामारी दल में पुअनी सह थाना प्रभारी गौतम कुमार राय, विट्टू कुमार, अनी अभय कुमार त्रिपाठी, आरक्षी रंजीत कुमार साह, स०पु० गोविन्द यादव और अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

## जोंड पंचायत में विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**मेदिनीनगर।** गुरूवार को सदर मेदिनीनगर प्रखंड के जोंड पंचायत में विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैंकड़ो ग्रामीण पशुपालक उपस्थित हुए। पशुपालकों को वर्तमान समय में पशुओं में हो रही विमरियों की जानकारी दी गई उनसे बचाओ का उपाय ड़ा अनुप विलियम लकड़ा प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सदर मेदिनीनगर के द्वारा समझाया गया। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी ने यह भी बतलाया की वर्तमान समय में विभाग द्वारा 4 से 8 माह की बाछियों एवं पाड़ियों में ब्रुसेलोसीस का टीका बिल्कुल मुफ्त में दिया जा रहा है। जो पशुओं को बाँझपन से बचाता है। सुकर पलकों को स्वाइन फीवर का टीका बिल्कुल मुफ्त दिया जा रहा है। फिलहाल एफएमडी का टीका भी मुफ्त में दिया जा रहा है। साथ ही ड़ा. अनुप ने ग्रामीणों को मुख्यमंत्री पशुधन विकाश योजना की विस्तृत जानकारी दी। इस शिविर में पशुपालकों को मिनरल मिक्सचर, कृमि नाशक दवा,एंटीबायोटिक्स, पाचक,भुख की दवा,मल्हम ,दर्द एवं बुखार की दवा,विटामिन्स,इतियदी बिल्कुल मुफ्त वितरण किया गया ।

## जनता शिवरात्रि कॉलेज में मनाया गया धूमधाम से शिक्षक दिवस

**मेदिनी नगर।** जनता शिवरात्रि कॉलेज मे शिक्षक दिवस मनाया गया। अंग्रेजी विभाग के छात्रा रिया सिंह के नेतृत्व में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रिंसिपल आरपी सिंह के द्वार अपने विद्यार्थियों के बारे में बताया की बच्चों के स्वभाव से प्रेरणा स्रोत मिलता है कि कॉलेज में शिक्षा का माहौल कैसा होना चाहिए। अगर विद्यार्थी अच्छे रूप से पढ़ाई करेंगे। और शिक्षक को सम्मान करेंगे तो वह विद्यार्थी भी एक दिन शिक्षक के रूप में गुरु बनकर दिखाएंगे। इस समारोह में अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थीयों ने अपना जोर शोर लगाकर कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कार्य किया। कॉलेज के प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया की इसी तरह आगे बढ़े। कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा सभी शिक्षक को अंग वस्त्र और गिप्ट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक डॉ आर पी सिंह, डॉ मनोज श्रीवास्तव, डॉ प्रमोद कुमार, शशांक प्रिया, डॉ किरण कुमारी, डा वासुदेव प्रसाद यादव, जयप्रकाश राम, मशरूर अहमद खान, समेत अन्य शिक्षक शामिल थे।

# धूमधाम के साथ मनी कृष्ण जन्माष्टमी

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा ।** प्रखंड व आसपास के क्षेत्रों में कृष्ण जन्माष्टमी पूरे धूमधाम के साथ मनायी गयी। गुरुवार को राधा कृष्ण मंदिर पुराना बस पडाव से भगवान श्रीकृष्ण की पालने में झुलता बाल प्रतिमा के साथ 'जय कन्हैया लाल की मदना गोपाल की, हाथी ,घोड़ा ,पालकी जय कन्हैया लाल की ' के जयकारे के साथ पूरे धुम - धाम के साथ जुलूस निकला। जुलूस का नेतृत्व राजेश मिश्र के द्वारा किया गया। जुलूस में बडी संख्या में लोग शामिल हुए। जुलूस पूरे सतबरवा में भ्रमण के बाद मंदिर प्रांगण में पहुंचने के बाद संपन्न हो गया। राधा कृष्ण मंदिर में छठी का भी आयोजन होगा और उस दिन भंडारा भी चलेगा।

**वहीं विश्रामपुर** के ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर में भी श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें विश्रामपुर राजपरिवार के सभी सदस्य शामिल हुए। इस अवसर पर मंदिर को भव्य तरीके से सजाया गया था। मंदिर परिसर में भगवान श्रीकृष्ण का झूला भी लगाया गया था। राजा रंजित राय, रानी रागनी सिंह और युवराज शशांक राय ने बतौर जजमान खुद पूजा अर्चना की। राजपुरोहित पंडित अच्युतानंद पांडेय ने पूजा संपन्न करायी। यहां बताते चलें कि हर वर्ष जन्माष्टमी पूजा का आयोजन राजपरिवार ही करता है। पंचमुखी मंदिर का देख रेख और रख रखाव भी राजपरिवार के द्वारा ही किया जाता है। राजा रंजित राय ने कहा कि भगवान कृष्ण के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज का कल्याण किया जा सकता है। रानी रागनी सिंह ने कहा कि भगवान कृष्ण का उपदेश हम सब को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। मौके पर पंडित राजन पांडेय, ब्राइट लैंड के प्राचार्य राहुल सिंह,विजय कुमार रवि, राजेश कुमार मार्शल, गोपाल सोनी, दीपक कुमार, बिश्रामपुर थाना प्रभारी शशी रंजन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

**दूसरी ओर**
**पाटन में** बाबू वीर कुंवर सिंह क्लब के द्वारा बुधवार को कृष्ण जन्माष्टमी बहुत ही धूमधाम से मनायी गयी। इसके उपरांत संस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में भोला व्यास के द्वारा बहुत ही सुंदर कृष्ण भगवान के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सोहर गीत की प्रस्तुति की गई। जिसमे सभी श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए। इस जन्माष्टमी कार्यक्रम को सफल बनाने भाजपा विधायक प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह, भाजयुमो अध्यक्ष अभिषेक कुमार सिंह, निर्भय सिंह, बिट्टू सिंह, मयंक सिंह, नॉलेज सिंह, प्रमोद सिंह, कुश सिंह, उज्जवल सिंह, विक्की सिंह, प्रियांशु,धर्मेंद्र, अवधेश सिंह,अंकित प्रमुख थे।

## आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला में कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन

**हुसैनाबाद।** आरपीएस पब्लिक स्कूल जपला में कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस पावन अवसर पर विभिन्न कक्षा के छात्र-छात्राओं के द्वारा दही हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों ने बड़ी ही उत्सुकता दिखाई। श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर प्री प्राइमरी के छात्र छात्राओं ने कृष्ण और राधा के परिधान धारण कर कृष्ण लीला प्रस्तुत की। झांकियों में सत्य की असत्य पर, अच्छाई की बुराई पर जीत का मंचन किया गया। कृष्ण के भजनों से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनुज शर्मा ने कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि जिस तरह से श्री कृष्ण ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपना धैर्य बनाए रखा एवं सदैव सकारात्मकता से जीवन का मार्ग प्रशस्त किया, उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन में साधारण बने रहना चाहिए और ज्ञान अर्जित करते रहना चाहिए। इस अवसर पर प्री प्राईमरी से शशिरंजन -नंद बाबा, रीवा-यशोदा मैया का परिधान धारण किए। युवराज, हर्ष सिंह, आयांश, रितेश, ऋषभ, सत्यम, समन्यु आदि ने श्री कृष्ण का स्वांग रचा। सानवी, वेदिका, अनायरा, निवेदिता, अि श्रेया, मिश्का, राधिका, अतिफा,आदिने इस कार्यक्रम को अपनी मेहनत से बेहतर व सफल बनाया।

# शहर में शांति व्यवस्था के साथ चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चेहल्लुम पर मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र में भव्य जुलूस निकाला गया। इसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। जुलूस के दौरान चौक चौराहों पर गोल जमा कर शस्त्र कला का प्रदर्शन किया गया। जुलूस का नेतृत्व मोहर्रम इंतेजामिया कमिटी के जेनरल खलीफा शहरयार अली कर रहे थे। उनके साथ कमिटी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे। जुलूस की शुरूआत पहाड़ी मुहल्ला से हुई और शहर के प्रमुख चौक चौराहा से होकर यह जुलूस गुजरा। अंत में पहाड़ी मुहल्ला पहुंचकर जुलूस का समापन हुआ। इस दौरान प्रशासनिक व्यवस्था चुस्त दुरुस्त नजर आयी। सदर अंचलाधिकारी जेके मिश्रा के नेतृत्व में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय कुमार सिंह ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। जुलूस के साथ-साथ और संबंधित रूट में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी।जुलूस की शुरूआत पूर्वाहन में हुई। पहाड़ी मुहल्ला से जुलूस निकला। उसके बाद शाह मुहल्ला मोड़, कन्नीराम चौक, सतार सेठ चौक, विष्णु मंदिर होते हुए नामधारी मोड़, महावीर मंदिर मोड़, बताशा दुकान, कुआं होकर जगेशर पान दुकान, घड़ा पट्टी से परिधान मोड़ से होकर गुजरा। यहां बेलवाटिकर और धोबी मुहल्ला के जुलूस का मिलान कराकर पंचमुहान होते हुए छहमुहान से होकर जिला स्कूल मोड़, सेवा सदन होते हुए नदी किनारे शिवाला घाट से भीखम दास मंदिर होते हुए पटाका मोड़ होकर जयभवानी चौक से, बल्ली साव मोड़ होकर वह कन्नीराम चौक से अपने अपने स्थान पर वापस हो गया। कमिटी के जेनरल खलीफा मो. शहरयार अली ने बताया कि पहाड़ी मुहल्ला से जुलूस निकलने के बाद शाह मुहल्ला, कन्नीराम चौक, सतार सेठ चौक, नामधारी मोड़, महावीर मंदिर मोड़, परिधान मोड़, पंचमुहान, छहमुहान, जिला स्कूल मोड़ पर गोल जमाकर खेलकूद एवं कला का प्रदर्शन किया गया। जुलूस में रामनवमी महावीर नवयुवक दल जेनरल के अध्यक्ष जुगल किशोर एवं अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

आस्था

## कर्बला में अपनी नम आंखो से इमाम हुसैन व अन्य शहीदों को रूखस्त किया गया

# अकीदत के साथ मना चेहल्लुम, शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद में मुहर्रम के 40 वें दिन गुरुवार को शहीदान- ए-कर्बला की याद में पूरे अकीदत के साथ चेहल्लुम मनाया गया। कर्बला में हजरत इमाम हुसैन आलीमुकाम अपने परिवार व दोस्तों के साथ शहीद कर दिए गए थे। इस्लामिक मान्यता के अनुसार शहादत के 40 वें दिन चेहल्लुम मनाया जाता है। चेहल्लुम के मौके पर हुसैनाबाद में शिया समुदाय के वक्फ वास्ला बेगम सदर इमाम बारगह से मुख्य जुलूस निकाला गया। इसमें काफी संख्या में लोग नौहा-मातम करते हुए शहर के मुख्य मार्ग से गांधी चौक होते हुए कर्बला पहुंचे। कर्बला पर अपनी नम आंखो से इमाम हुसैन व अन्य शहीदों को रूखस्त किया गया। ऐतिहासिक यादों को साझा करते लोगों ने बताया कि उस वक्त लोगों में डर इतना था कि कोई शहीदों के शवों को दफनाने भी नहीं आया। सन साठ हिजरी में वर्तमान इराक के कर्बला नामी स्थान पर हजरत इमाम हुसैन ( अ.स.) उनके सगे संबंधी, दोस्तों को यजीदी हुकूमत के आदेश पर कत्ल कर दिया तथा उनकी औरतों बच्चों को कैदी बना लिया गया। उन पर



यातनाओ का पहाड़ टूट पड़ा। हमारे समाज में किसी के परिवार में एक वक्ति की मौत हो जाये तो लोग दुखी परिवार को सांत्वना देने उसके घर पहुंच जाते हैं। परंतु कर्बला में ऐसे निर्दयी लोग मौजूद थे, जो दुखीयों को सांत्वना देने के बजाए उन्हें यातनायें देने में खुश होते थे। इस मौके पर सैकड़ों लोग या हुसैन या अब्बास की सदा लगा रहे थे। इस कार्यक्रम में काफी दूर दराज से खूनी मातम देखने लोग आते हैं। जुलूस में मार्सियाख्वानी सैयद रजा ईमाम, सैयद मुहम्मद रजा, बाकर हुसैन, मोजाहिद हुसैन आदि ने किया। जबकि नौहखानी तबरेज कोलकाता, मिर्जा समीर, राजू हुसैन, सैयद हसन अली, नकी रिजवी आदि ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुत्तवल्ली सैयद हसनैन जैदी, सैयद फिरोज हुसैन, सैयद तकी रिजवी, मिर्जा नेहाल, सैयद प्यारे हुसैन, मिर्जा अमिन, सैयद गजंफर हुसैन, डॉ. सैयद नादिर रिजवी, सैयद इब्ने हसन आदि ने शांति व्यवस्था बनाने का काम किया । इसका संचालन अरशद हुसैन ( अर्शी ) ने किया। हुसैनाबाद के अलावा हैदरनगर, मोहम्मदगंज, अमीर नगर झरगड़ा, मांडर, रोहतास आदि से भी लोग जुलूस में शामिल होने आए थे। पहलाम के बाद लोगों ने सामूहिक रूप से देश की तरक्की और शांति की दुआ की। इस उम्मीद के साथ कि ज़िंदा रहे तो फिर अगले बरस रोने को आऊंगा मौला।

# श्री विष्णु मंदिर में जन्माष्टमी का त्योहार धूम धाम से मना




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री विष्णु मंदिर में लगातार 89 वें वर्ष भी बुधवार की रात धूमधाम से श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव मनाया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी कमल किशोर ने पूरे विधि विधान से रात 12 बजे मंदिर में महाआरती कर भगवान को भोग निवेदित किया गया। जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए शहर के कई भक्तगण व्यक्ति मंदिर पहुंचकर महाप्रसाद ग्रहण किया। जन्माष्टमी महोत्सव में गायक उमाशंकर मिश्रा व उनकी टीम ने भक्ति जागरण से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कोलकाता से आयी राधा-कृष्ण की झांकी व मंदिर का 91 साल पुराना फव्वारा भी आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में ट्रस्ट के पूर्व न्यासीगण व दानदाताओं को सम्मानित किया गया। मौके पर उपस्थित मंदिर के पुजारी कमल किशोर ने कहा कि भादों मास में कृष्ण पक्ष में जो अष्टमी आती है, उस दिन लोग श्री कृष्ण का जन्म उत्सव मानते हैं, परंतु श्रीमद्भागवत से संकेत मिलता है कि श्री कृष्ण के जन्म लेने पर, अथवा थोड़ा पहले, अन्य मुख्य (आठ) देवताओं ने भी जन्म लिया था। कार्यक्रम में पूर्व महापौर अरूणा शंकर, उप महापौर मंगल सिंह, एसडीएम राजेश कुमार साह, डीएसपी सुरजीत कुमार,सीओ जेके मिश्रा, थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अभय सिन्हा, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, प्रमोद अग्रवाल, युगल किशोर, मनोज सिंह, रामनरेश सोनी, ध्रुव अग्रवाल, ट्रस्ट की अध्यक्ष सुचित्रा अग्रवाल, उपाध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, सह सचिव श्रवण कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष अभय कुमार, न्यासी विजय कुमार आदि मौजूद थे।

# शहर को स्वच्छ रखने में मदद करें : अरुणा शंकर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में इन दिनों महात्मा गांधी मार्ग में लगे कंक्रीट डिवाइडर के बीच हरे भरे पौधे तथा सुंदर लाइटों की शहर में विशेष चर्चा है । रात को तो शहर की खूबसूरती डिवाइडर युक्त लाइट एवं पौधे से और भी बढ़ जाती वहीं आवागमन भी सुगम हो गया है , लेकिन शहर में घूम रहे लावारिस गाय प्रतिदिन डिवाइडर में लगे पौधों को खाते जा रहे हैं । आश्चर्य इस बात का है कि अगल बगल के लोग गाय को पौधा खाते देखते हैं लेकिन हटाते नहीं । निगम भी इन लावारिस पशुओं के लिए कोई व्यवस्था नहीं कर रहीहै जबकि यह निगम का दायित्व है ' इस संबंध में जब मैने प्रथम महापौर से बात किया तो उन्होंने बताया मेरा पर्सनल एक गाड़ी ,एक ड्राइवर, तीन माली तथा दो इलेक्ट्रीशियन शहर को सजाने , सवारने एवं फूल पत्ती में पानी देने के लिए लगा है तभी गर्मी के दिनो में भी हम चौक चौराहा तथा पार्क में लगे पौधों को हरा भरा बचा सके है। हम शहर वासियों से आगरा करते हैं कि सड़क व चौक चौराहे पर लगे पौधों को बचाने में सहयोग करें । हमारे शहर की खूबसूरती बनी रहे। जो इन दिनों चर्चा में है, रील्स बन रहे हैं जल्द खत्म हो जाएगी ' प्रथम महापौर ने कहा मुझे दुख तो तब होता है जब लोग रंगे हुए डिवाइडर पर पान खाकर थूकते हैं ' मैं ऐसे लोगों से अनुरोध करूंगी यह शहर आपका है। इसे सजाने संवारने एवं स्वच्छ रखने में हमारी मदद करें क्योंकि बिना आप सबों के सहयोग के यह शहर स्वच्छ एवं खूबसूरत नहीं रह पाएगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### रिटायर्ड राजस्व उपनिरीक्षक विजय लाल का निधन



**मेदिनीनगर।** शहर के हमीदगंज निवासी रिटायर्ड राजस्व उपनिरीक्षक विजय कुमार लाल ( 72 वर्ष) का निधन गुरुवार को सुबह राज हॉस्पिटल रांची में हो गया। वे मधुमेह पीड़ित थे और चार दिनों से आईसीयू में भर्ती थे। जहां किडनी फेल होने के कारण उनकी मृत्यु हुई है। स्वर्गीय लाल अपने पीछे एक पुत्र- बहू , दो बेटी-दामाद, पोता-नाती, तीन भाई दो बहन सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर दुनिया से विदा हो गए। हरिशचंद्र घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। अपनी सेवा काल में तेज तर्रार कर्मचारी के रूप में पहचान रखने वाले स्व० विजय लाल मधुरवासी और जिंदादिल इंसान थे। उनके आकस्मिक निधन से पूरा क्षेत्र गमगीन है। मौत की सूचना मिलते ही उनके घर पर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए लोगों का आना-जाना शुरू हो गया है। जिनमें पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, भाजपा नेता विभाकर नारायण पांडे, शिवकुमार मिश्र, अरुण सिंह, शिक्षक नवनीत कुमार सुंदरम, राजीव रंजन पांडे, अजीत सिंह, अरविंद कुमार सिन्हा, सुजीत श्रीवास्तव, पिंकू श्रीवास्तव, रघु सिंह, अभय सिंह, रवि कुमार सिन्हा, रविंद्र सिंह, अजय प्रसाद, दिग्विजय सिंह, राजस्व कर्मचारी प्रमोद सिंह, नंदा सिंह, वीरेंद्र सिंह, अरुण सिन्हा व सरोज सिन्हा सहित सैकड़ो लोग शामिल थे।

### भाकपा नेता ने पशुपालकों की मांग को उठाया

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी ने शहरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र का दौरा किया जिसमें पशुधन पालको के समस्याओं से अवगत हुआ और यह पाया कि पशुधन रखने वाले व्यक्तियों का बुरा हाल है। पशुओं में लम्पी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है चाहे वह छोटी मवसी हो या बड़ी मवेशी हो जिससे पशुपालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

# कॉन्टिनेंटल इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** इंटरनेशनल टाइगर्स फुल कांटेक्ट कराटे फेडरेशन के तत्वावधान में इंडिया इंडो-कॉन्टिनेंटल इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन मेदनीनगर स्थित रिभर व्यू रिजॉर्ट शाहपुर मैं तीन सितंबर को किया गया था। जिसमें भारत के अलावा नेपाल, भूटान ,बांग्लादेश के कराटेकारों ने हिस्सा लिया। चैंपियनशिप का शुभारंभ काठमांडू नेपाल से आए हुए मुख्य अतिथि सुरेंद्र श्रेष्ठा डिप्टी डायरेक्टर नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल नेपाल एवं विशिष्ट अतिथि पंडित प्रदीप नारायण ,भीष्म, चौरसिया इत्यादि के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह चैंपियनशिप आयोजक अध्यक्ष मुख्य मार्शल आर्ट प्रशिक्षक सिंहान संतोष कुमार, आयोजक सचिव ग्रैंडमास्टर डॉक्टर विकास सिद्धू दिल्ली, कोऑर्डिनेटर सेंसाई सिकंदर कुमार प्रजापति, कोषाध्यक्ष सेंसई अभिषेक कुमार, आयोजक उपाध्यक्ष सेंसई नेटवर पांडे, सहयोगी - सेम्पाई गुनगुन प्रिया, सेम्पाई डोली कुमारी, सेम्पई चांदनी कुमारी, सेम्पई संध्या कुमारी, सेम्पई उज्जवल कुमार, सेम्पई सिद्धेश कुमार, सेम्पई आकाश भगत, सेम्पई प्रिंस कुमार, सेम्पई कुमार, सेम्पई कल्पना कुमारी, इत्यादि प्रशिक्षको ने चैंपियनशिप को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। यह जानकारी शिहान संतोष कुमार ने दी।

## मंगल पांडे की प्रतिमा लगाने पर रोक से आक्रोश

# तरहसी में विधायक ने एसडीओ का पुतला फूंका

### पांकी में कब्रिस्तान व सड़क से अतिक्रमण हटायें एसडीओः विधायक शशिभूषण





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर/पांकी।** जिले के तरहसी में शहीद मंगल पाण्डेय की प्रतिमा लगाई जा रही है, लेकिन अतिक्रमण का हवाला देकर सदर एसडीओ ने निर्माण स्थल पर धारा 144 लगाकर निर्माण कार्य पर रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया है। इसे लेकर पांकी के विधायक व उनके समर्थकों में गहरी नाराजगी है। आलम यह है कि गुरुवार को विधायक शशिभूषण मेहता ने न सिर्फ सार्वजनिक तौर पर अपनी नाराजगी व्यक्त की, बल्कि समर्थकों के साथ सुभाष चौक पर सदर एसडीओ का पुतला दहन किया। इस दौरान विधायक श्री मेहता ने एसडीओ के खिलाफ काफी कड़े शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उनकी आलोचना की। उन पर साजिस रचने का आरोप लगाया।उन्होंने प्रतिमा लगाने के कार्य को रोकने सम्बन्धी एसडीओ के आदेश को तुगलकी फरमान बताते हुए कहा कि मंगल पाण्डेय को देश का पहला शहीद होने का गौरव प्राप्त है। झारखण्ड के किसी स्थान पर उनकी प्रतिमा नहीं लगी है।उनके साथ देश के करोड़ो जनता का सम्मान जुड़ा है। जिले के लोग इस अपमान को बर्दास्त नहीं करेंगे। एसडीओ ने अपना फरमान वापस नहीं लिया तो शुक्रवार को शहर में अर्थी जुलुस निकाला जायेगा। शहीद के सम्मान के लिए जेल भी जाना पड़ा तो कोई परवाह नहीं। उन्होंने कहा कि अगर अतिक्रमण का मामला था तो निर्माण के लिए चेक स्लीप कैसे निर्गत किया गया। एसडीओ ने 07 फीट के स्थान पर अतिक्रमण की बात कह 144 लागू कर काम बंद कराने की साजिश रची है। उन्होंने कहा कि एसडीओ को अतिक्रमण की चिंता है तो पांकी के शहीद भगत सिंह चौक के पास कब्रिस्तान की भूमि पर अतिक्रमण कर आलीशान भवन बनाये गये हैं।सड़क पर जलमिनार व चाय की दुकान है अगर सदर एसडीओ मे दम हो तो वहां से अतिक्रमण हटायें। उन्होंने सरकार से अविलम्ब एसडीओ को पलामू से हटाने की मांग की। कार्यक्रम का संचालन तरहसी भाजपा मंडल अध्यक्ष अजीत प्रसाद गुप्ता ने किया। मौके पर, विधायक प्रतिनिधि गोपाल साव, सांसद प्रतिनिधि विनोद प्रसाद गुप्ता, निजी सचिव बचन ठाकुर, संजय चंद्रवंशी, अनिल सिंह, शंकर शुक्ला, उज्वल पांडे, विजय तिवारी, अखिलेश चंद्रवंशी, सुधीर तिवारी, अजय तिवारी, वीरेंद्र मेहता, दिलीप पांडे, सुरेश राम चंद्रवंशी, बगेंद्र पांडे, सुदर्शन पांडे, संभु प्रसाद, संतु राम, अजय सिंह, सरयू सिंह सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बदन बस दुर्घटनाग्रस्त, कोई हताहत नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मोहम्मदगंज उंटारी रोड मुख्य पथ में मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत कादल कुर्मी गांव के पास पुल से उतरने के उतरने के क्रम में गुरुवार की सुबह करीब सात बजे रायगढ़ से जपला जा रही बदन बस दुर्घटनाग्रस्त हो गयी है। बस में सवार पांच यात्रियों को हल्की चोटें आई है। बस में आई तकनीकी खराबी के कारण अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई।दुर्घनाग्रस्त बस सड़क किनारे एक पेड़ से टकराकर रुक गयी। वरना बड़ी दुर्घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता।बताया गया कि इस दुर्घटना के बाद कई यात्री खुद उतरकर।गंतव्य की ओर निकल पड़े। बस में सवार किसी भी यात्री को कोई नुकसान नही पहुंचा है। थाना प्रभारी अक्षय कुमार के निर्देश पर एएसआई बिपिन ठाकुर घटनास्थल पहुँचकर ग्रामीणों और बस कर्मियों के सहयोग से दो हाइड्रा के द्वारा बस को निकलवाया। जिसमें एक हाइड्रा भी पलट गई,फिर पलटे हाइड्रा को उठाया गया। घटना में कोई हताहत नही हुआ है। बस के खाई में जाने की घटना का कारण बस का स्टीयरिंग अचानक फेल होना बताया जाता है।

# यादव समाज ने धूमधाम से मनायी श्री कृष्ण जन्माष्टमी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर में बाबा वीर कुंवर धाम में यादव समाज ने भगवान श्री कृष्ण का जन्म उत्सव उल्लास के साथ सनातन धर्म की परंपराओं के अनुसार मनाया। मौके पर भगवान की शोभायात्रा निकाली गई. जिसमें यादव समाज के लोग दीवाली नृत्य करते हुए चल रहे थे. इस मौके पर शाम 5 बजे श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव सह सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सामाजिक परिचर्चा तथा छात्रावास उद्घाटन एवं मटका फोड़ प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता रामाशीष यादव थे. वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता लाला यादव व संचालन चलितर यादव और संजय सिंह यादव ने किया. उत्सव का शुभारंभ यदुवंशी समाज के लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर की। इसके पश्चात महाआरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। मौक पर पूर्व विधायक संजय यादव, समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, नीलम देवी, राजधानी यादव, रामदेव यादव, सुरेंद्र यादव, अनिल यादव , अरुण यादव, सुशील यादव, श्रीकांत यादव कामख्या यादव, अभय यादव, निर्मल यादव, शिव यादव, सोनू यादव समस्त यादव मौके उपस्थित थे।

## भारत जोड़ो पदयात्रा व सम्मेलन का आयोजन



**मेदिनीनगर।** भारत जोड़ो यात्रा की एक साल पूरा होने पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में स्थानीय कांग्रेस कार्यालय से शाहपुर स्थित स्वामी विवेकानंद चौक तक पदयात्रा किया गया । भारत जोड़ो सम्मेलन का आयोजन जिला अध्यक्ष जैसे रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में किया गया । सम्मेलन का संचालन कोषाध्यक्ष अजय साहू के द्वारा किया गया । जिसमें मुख्य अतिथि मनिका विधानसभा के विधायक सह सम्मेलन के प्रभारी रामचंद्र सिंह तथा विशिष्ट अतिथि पलामू प्रभारी विनय सिन्हा उर्फ दीपू जी उपस्थित हुए। भारत जोड़ो पदयात्रा पूरे गाजेबाजे के साथ कांग्रेस भवन साहित्य समाज चौक भगत सिंह चौक 6 मोहन चौक होते हुए सुभाष चौक के रास्ते शाहपुर स्थित विवेकानंद चौक पर भारत जोड़ो सम्मेलन के रूप में संपन्न हुआ। कार्यक्रम मैं वरिष्ठ कांग्रेसी दीनानाथ तिवारी, सत्यानंद दुबे, झारखंड प्रदेश सचिव लक्ष्मी तिवारी ,रामाशीष पांडे, पप्पू पासवान ,ओम प्रकाश अमन, विनोद तिवारी, जितेंद्र कमलापुरी, मिथिलेश सिंह ,ईश्वरी सिंह, शमीम अहमद ,शंकर पांडे, सुरेश पाठक, विद्या सिंह, चेरो सत्येंद्र सिंह, अशोक पासवान, नफीस खान, सोनू खान ,रिजवान खान, मोहम्मद रिजवी ,सागर दास, सच्चिदानंद मिश्रा, देवांग शुक्ला, सौरभ पांडे, विनोद पाठक, सागर दास शंकर पांडे, विजय अग्रवाल, सुनील दुबे, प्रमोद यादव ,कामाख्या यादव रविंद्र कुमार, राजेश चौरसिया, उपेंद्र शर्मा ,सहिष्णानंद मिश्रा, मनोज अग्रवाल, इमरान सिद्दीकी, गोपाल सिंह सुनील तिवारी, खुर्शीद आलम ,रविंद्र तिवारी, छोटू सिंह, अर्जुन सिंह, मीर खुर्शीद, अभिमन्यु मेहता, नंदकिशोर मिश्रा, मुस्ताक अहमद, डॉक्टर सुशील पासवान के अलावे भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जुल्म को खत्म करने आये थे भगवान श्री कृष्ण : अविनाश

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल के संचालक अविनाश देव ने जन्माष्टमी त्योहार को लेकर कहा कि धरती पर जब जब जुल्म बढ़ा तब तब कोई न कोई अवतार लिया। द्वापर में कंस, कालिया का आतंक बढ़ा तो कृष्ण जन्मे। असल जिन्दगी में इन्हें योगेश्वर कहा गया है,ये काम वासना से परे थे जो बिना फल के चिंता किये वगैर कर्म करने को कहा। महाभारत के दौरान कुरुक्षेत्र के मैदान में अर्जुन को आगे कर के गीता का ज्ञान दिए जिसका मुरीद पूरी दुनिया है। तनावमुक्त मुस्कुराते हुए अपने कुशाग्र बुद्धि के बल पर पूरी महाभारत को जीता।

# सिविल जज नियुक्ति में उम्र सीमा में छूट देने की मांग



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष उदय राम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से सिविल जज नियुक्ति में उम्र सीमा में पांच साल की छूट देने की मांग की है। झारखंड राज्य बने 23 वर्ष हो रहे हैं। लेकिन अब तक राज्य में मात्र चार बार ही परीक्षा हुई है। इस कारण कई अभ्यर्थियों की उम्र सीमा समाप्त हो गई। सिविल जज न्युक्ति के लिए उम्र सीमा का निर्धारण 31 जनवरी2023 किया गया है। इसके बदले 31 जनवरी 2019 करते हुए पांच साल की छूट उम्र सीमा मिलनी चाहिए। ताकि योग्य अभ्यर्थी न्यायिक सेवा की परीक्षा शामिल हो सके। मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि हर हाल में सिविल जज नियुक्ति में 5साल की छूट मिलनी चाहिए अन्यथा मोर्चा राज्य स्तरीय धरना प्रदर्शन करेगा। सिविल जज की परीक्षा जेपीएसी द्वारा ली जा रही है।

# डांस सुपर मॉम्स - 6 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

### 15 सितंबर तक भरे जायेंगे फॉर्म



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पिछले पांच सालो की दमदार सफलता के बाद टैलेंट शो ने लॉन्च किया सीजन 6 और सीजन 7। पलामू का चर्चित मॉल - महेंद्र आर्केड में लॉन्च किया गया। दोनों सीजन के अलग अलग रजिस्ट्रेशन फॉर्म बिके। मौके पर महेंद्र आर्केड के सी. ई. ओ श्री सोनू सिंह नामधारी ने फॉर्म को लॉन्च करते हुए कहा कि मैं टैलेंट शो के फाउंडेशन पीरियड से जुड़ा हुआ हूं । श्री नामधारी ने ये भी कहा कि टैलेंट शो की सीजन 6 और 7 का रजिस्ट्रेशन फॉर्म, टैलेंट शो के पदाधिकारियों के साथ लॉन्च करने में काफी खुशी हो रही है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि इस रियलिटी शो को नियमित रखने की आवश्यकता है। लॉन्चिंग प्रोग्राम में सेक्रेटरी - सूर्यकांत कुमार के साथ मैनेजिंग कमिटी के धीरज तिवारी, नवनीत प्रजापति, सत्यवान तिवारी, अजय प्रसाद, एम डी रजी, हिमांशु सोनी, आलोक शुक्ला, चंदन कुमार, जगदीश व सुमित कुमार उपस्थित थे।

# एफपीओ की वार्षिक बैठक में कम्पनी का लेखा जोखा प्रस्तुत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर के बांसडीह पंचायत भवन में एफपीओ बेतला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड की वार्षिक बैठक हुई। जिसमें जिले से उद्यान पदाधिकारी एवं बाजार समिति सचिव के साथ-साथ जिला परिषद सदस्य प्रमोद कुमार सिंह, उप प्रमुख सुनील कुमार सिंह बांसडीह पंचायत के मुखिया लाल बहादुर भुईयां मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता एफपीओ अध्यक्ष अशोक चौरसिया एवं संचालन सचिव ब्रजेश पांडे ने की। सभी बताया गया कि एफपीओ ने शुरूआती वर्ष में 800 किसानों का रजिस्टर्ड किया और पचास प्रतिशत अनुदान पर विभिन्न प्रजाति के उन्नत धान,मकई ,अरहर, बादाम, तेलहन , दलहन करीब 108 किवंटल बीजों का वितरण किया गया। कंपनी के पास डीएपी एवं यूरिया खाद्य प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, जिसे किसानों को सस्ते दामों पर उपलब्ध कराया जा रहा है। जानकारी देते हुए कंपनी के अध्यक्ष एवं सचिव ने संयुक्त रूप से द बताया कि कंपनी भारत सरकार से मान्यता प्राप्त है। कंपनी किसानों के विकास के लिए देश के प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करने में जुटी है। नाबार्ड से शुरूआती संचालन के लिए वित्तीय सहयोग भी किया जा रहा है। कंपनी का उद्देश्य खेती को बढ़ावा देना है। दोनों ने बताया कि किसानों के फसल को बाजार उपलब्ध कराने में कम्पनी मदद करेगी। प्रयास है कि अधिक से अधिक किसानों को जोड़कर उन्हें उन्नत तकनीकी से खेती बाड़ी करने के लिए जागरूक किया जाये। 1 से 5 एकड़ जमीन वाले किसान कंपनी से जुड़कर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं।

## लापरवाही — शराब दुकान से ग्राहकों की जेबों पर भी डाका डाला जा रहा है

# पलामू में शराब पर अवैध रूप से वसूली का खेल चालू

### शासकीय शराब दुकानों पर एमआरपी से अधिक दामों पर शराब की बिक्री की जा रही है



**ओपी प्रजापति**

**मेदिनीनगर।** पलामू में इस समय शराब दुकानों में मदिरा प्रेमियों की जेब हर रोज काटी जा रही है और यह सब आबकारी विभाग की सुस्ती और लापरवाही के कारण ऐसा हो रहा है। शासकीय शराब दुकानों पर एमआरपी से अधिक दामों पर शराब की बिक्री की जा रही है। इससे मदिरा प्रेमियों में नाराजगी है। पलामू शहर में अंग्रेजी शराब दुकान से ग्राहकों की जेबों पर भी डाका डाले जा रहे हैं। शहर में शराब की लाइसेंसी दुकानों धड़ल्ले से ब्लैक में शराब व बीयर बेचा जा रहा है। हर जगह 20 से 30 रुपए मूल्य से ज्यादा रुपया लिया जा रहा है। जब कि दुकानों पर भी शराब का अधिकतम खुदरा मूल्य एमआरपी जारी होने के बाद भी दुकानदार ग्राहकों से सभी ब्रांड की बोतल पर अधिक दामों पर शराब व बीयर की बोतल बिक्री किया जा रहे हैं। मदिरा प्रेमियों में काफी नाराजगी जताई जा रही है। बुधवार की शाम एक मदिरा प्रेमी शराब खरीदने पहुंचे अपना नाम नहीं छापने का अपील करते हुए कहा है कि शराब व बीयर अधिक दामों पर बेचा जा रहा है। अगर आबकारी विभाग व प्रशासन सिविल ड्रेस मे जांच करने पहुंचे तो दूध का दूध और पानी का पानी हो। शराब की दुकानों पर अब भी अवैध रूप से वसूली का खेल चल रहा है। ऐसे में इन दुकानदारों के द्वारा मनमर्जी दामों में शराब बेची जा रही है। लाइसेंसदार को दुकान के बाहर सभी ब्रांड और उनकी क्या रेट है इसकी लिस्ट शराब दुकान के संचालकों को दुकान के बाहर रेट लिस्ट लगानी जरूरी होती है। लेकिन यहां शराब की दुकानों पर रेट लिस्ट बाहर नहीं के बराबर है। जिससे मदिरा प्रेमियों अधिक दामों में शराब खरीदनी पड़ रही है। यदि प्रिंट रेट में शराब की मांग की जाती है तो सेल्समेन द्वारा शराब देने से मना कर देते हैं। ऊपर से हर रोज तू तुम्हें मैं हो रही है।कभी-कभी तो झगड़े होने का संभावना हो जाता है।यह हाल शहरों में ज्यादा देखा जा रहा है संचालित देसी विदेशी शराब दुकानों में नियमों का पालन नहीं हो रहा है जहां मनमाने दामों पर शराब की बिक्री की जा रही है। लेकिन अभी तक विभाग की ओर से इसे लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

## लातेहार और चतरा जिले में जन्माष्टमी व जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

# श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में बुधवार की मध्य रात्रि भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी और जन्मोत्सव धूमधाम एवं उत्साहपूर्वक मनाया गया। आकर्षक ढंग से सजाए गए पंचमुखी मंदिर, प्राचीन पहाड़ी मंदिर समेत सभी मंदिरों रात्रि के ठीक 12:00 बजे भगवान वासुदेव के जन्म लेने के साथ ही घंटियां जोर-जोर से बजने लगीं। जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी आदि कृष्ण भगवान के मधुर गीत बजने लगे।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी श्रद्धा से मनाई गई

**मनिका।** पचफेड़ी चौक समीप शिव मंदिर में अमर पूजा समिति के तत्वधान में श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। पुजारी अखिलेष पाठक ने पूजन कार्य कराया। मौके पर प्रेमनाथ यादव, श्याम प्रसाद, मनोज यादव, शिवानंद यादव, सीताराम यादव, राहुल यादव, फुलदेव यादव, अखिलेष गिरी, समेत अमर पूजा समिति के सभी लोग उपस्थित थे।

इसके बाद लोगों ने पूजा अर्चना कर प्रसाद प्राप्त किया। वहीं राधा रमन भगवत प्रचार मंडली की ओर से प्राचीन पहाड़ी मंदिर परिसर में आयोजित किए जा रहे श्रीमद् भागवत कथा के दौरान वृंदावन से आए प्रसिद्ध कथावाचक पंडित अनुराग कृष्ण शास्त्री ने भगवान कृष्ण के कारागृह में जन्म की पूरी कहानी का वर्णन किया। शास्त्री ने कहा कि सनातन धर्म में भगवान कृष्ण सभी सनातनियों के लिए सबसे ईस्ट और प्रेरणा के स्रोत भगवान रहे हैं। भगवान कृष्ण ने समाज में बढ़ते अत्याचार, अभिशाप खत्म करने की प्रेरणा दी।

## भक्तिभाव से मनाया गया श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/इटखोरी**

श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार जिला मुख्यालय सहित सम्पूर्ण प्रखंड क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। इटखोरी प्रखंड अंतर्गत धुना पंचायत के ग्राम सोनिया में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिला परिषद सदस्या सरिता देवी व मुखिया सोनी कुमारी ने किया। वहीं वार्ड सदस्य सुनीता देवी ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर जितेंद्र कुमार चन्द्रवंशी, कन्हाई राणा, राजेंद्र राम, पारस राम, बिनोद राम, अजित कुमार, मुकेश राणा, दीपक कुमार, संजीत कुमार, प्रकाश राणा, अनमोल कुमार, नीलेश कुमार चन्द्रवंशी आदि उपस्थित थे।





### राधा-कृष्ण रूपी बच्चों से विद्यालय हुआ गुलजार

**इटखोरी(चतरा)।** प्रखंड अंतर्गत द वीजन पब्लिक स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर पूरे भक्ति मय माहौल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में पहुंचे, जिससे पूरा विद्यालय परिसर भक्ति से गुलजार रहा। स्कूल के संचालक व गरीबों के बीच शिक्षा का अलख जला रहे नीरज सिन्हा ने कहा कि समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम से बचों में भक्ति की भावना जागृत होती है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक दीपक कुमार सिंह, बंटी कुमार सिन्हा, अवधेस कुमार राम, सुनीता सिन्हा, सोनिया कुमारी, काजल कुमारी, लव कुमार,ज्ञानवी कुमारी, पल्लवी कुमारी, सायमा हसीन,श्रेया कुमारी, आरुषि कुमारी, पीहू कुमारी व अन्य उपस्थित थे।

### राधा कृष्ण मंदिर में रहा श्रद्धा का माहौल



**कुंदा(चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय में स्थित राजागढ़ (वंशीघर) कृष्ण मंदिर में श्रद्धा व उल्हास पूर्वक भगवान श्रीकृष्ण की बीते देर रात्रि पूजा अर्चना की गई। मंदिर के पुजारी उदयनाथ मिश्रा ने बताया कि सदियों पूर्व जब कुंदा राज्य में राजा रहा करते थे। तब से राजगढ़ मंदिर में हमारे पूर्वजों द्वारा भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना होते आ रही है। मंदिर में पूजा को लेकर विधि व्यवस्था बनाए रखने में अजित मिश्रा, विशाल वर्मा, मनीष वर्मा, कुंदन वर्मा, बंटी वर्मा समेत अन्य लोग अपना सहयोग दे रहे हैं।

## मुहर्रम के चालीसवां पर निकाला ताजिया जुलूस



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह** प्रखंड मुख्यालय में गुरुवार दोपहर बाद मुहर्रम के चालीसवां (चेहलूम) के मौके पर ताजिया जुलूस निकाला गया। जुलूस गुलजारबाग, ठुठकुसूम, गड़वाटंड समेत और मुस्लिम बाहुल क्षेत्र से मुस्लिम धर्मा लंबियों के साथ निकाला गया। जुलूस प्रखंड के विभिन्न मार्गों का भ्रमण कर अंबेडकर चौक पहुंचा जहां पर निकले गए ताजिया व झंडा जुलूस का मिलान किया गया। कार्यक्रम में मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा कई लोगों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में हसन हुसैन को याद करते हुए उनकी शहादत में नारा भी लगाया गया। ताजिया जुलूस भ्रमण और मिलन के बाद पुनः वापास हो गया। कार्यक्रम में अशफाक अहमद, मुस्ताक अहमद, एनुअल सिदिकी, शौकत खलीफा, साबिर अहमद, मुमताज अहमद आदि शामिल थे।

## घर से अचानक लापता हुआ युवक परिजन परेशान

**पत्थलगडा।** थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव निवासी सुकर प्रजापति का 40 वर्षीय पुत्र राजेश प्रजापति बीते बुधवार रात से लापता है। राजेश कि पत्नी सुधा देवी ने बताया कि वह रात करीब 10:30 बजे धान खेत गए, जो सुबह तक घर वापस नहीं लौटे, तो खोज बिन करना शुरू किया पर कोई अता पता नहीं चल सका। सुबह लापता राजेश के खोज में परिजनों के अलावे बरवाडीह, दुम्बी गांव के सैकड़ों ग्रामीण आस-पास के खेतों व कुओं के अलावे पास के जंगलों में उसकी खोजबीन की। राजेश की तलाश में बरवाडीह, दुम्बी व हुड़मुड़ के घने जंगलों में ड्रोन कैमरे की मदद से भी तलाश की जा रही है। राजेश के लापता होने के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। उन्हें किसी अनहोनी कि चिंता सता रही है। राजेश कि पत्नी ने पत्थलगडा थाना में लिखित आवेदन देकर पति के लापता होने का सनहा दर्ज कराया है।

## हाथियों के आतंक से परेशान चकला के ग्रामीण वन विभाग कार्यालय पहुंचे

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** प्रखंड के चकला पंचायत अंतर्गत अरंडियाटांड़ में जंगली हाथियों का आतंक बरकरार है। बुधवार की देर रात हाथियों ने उद्देश्वर भगत पिता रामलखन टाना भगत का घर तोड़ दिया और साथ ही पूरे टोले का फसल बरबाद कर दिया है। पिछले 27 अगस्त की रात को हाथियों के द्वारा अरंडियाटांड़ की महिला एतवरिया टाना भगत पति रामदेव टाना भगत की पत्नी को कुचल कर मौत के घाट उतार दिया था। गांव के लोग रोज कमाने खाने वाले हैं घटना के बाद से ही गांव के लोग रतजगा करने को मजबूर हैं जिससे वे दिन में काम नहीं कर पा रहे हैं। ग्रामीण वन विभाग के प्रति आक्रोशित हैं।



ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि उस घटना के दिन बहुत मान मनउवल के बाद ग्रामीणों को हाथी से बचाव के लिए वन क्षेत्र पदाधिकारी राकेश कुमार के द्वारा चार दिनों के अंदर स्ट्रीट लाइट, हेवी टार्च, मशाल, मोबिल, बरसात से बचाव के लिए बरसाती के साथ कुछ ग्रामीणों को मानदेय पर रखने का आश्वासन पर शव उठने दिया गया था। घटना के बाद से ही गांव के लोग रतजगा करने को मजबूर हैं जिससे वे दिन में काम नहीं कर पा रहे हैं। विभाग के द्वारा दस बारह दिन गुजर जाने के बाद भी वादा पूरी नहीं की गई इस वादाखिलाफी से आक्रोशित गांव के निरंजन भगत, सधना भगत, रोहित भगत, रुपेश भगत, अरुण भगत, सुखेंद्र भगत, चुमनु भगत, उद्देश्वर भगत, जयराम भगत, दयाल भगत, बनवारी भगत, सुरेंद्र भगत, हरिकुमार भगत समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण विभाग का घेराव करने वन क्षेत्र कार्यालय चंदवा पहुंचे। वन क्षेत्र पदाधिकारी अस्वस्थ होने के कारण नहीं मिल पाये विभाग की ओर से विरेंद्र कुमार कार्यालय स्टाफ प्रतिनिधित्व करते हुए सत्रह पीस लाइट उपलब्ध करवाने की पहल की गई। लाइट देखने के बाद ग्रामीण भड़कते हुए लाइट नहीं लेने की बात कही और विभाग के पास उपलब्ध टार्च समेत अन्य चीजों की मांग की।

## प्रशिक्षण से आएगी कार्यों में दक्षता : बीडीओ

### नवनिर्वाचित वार्ड सदस्यों के प्रथम बैच का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार** पंचायती राज विभाग के निर्देशानुसार प्रखंड सर अंचल कार्यालय में नव निर्वाचित वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर सफलता पूर्वक संपन्न हो गया। प्रथम चरण में हेठपोचरा, परसही एवं सासंग पंचायत के कुल 44 वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान वार्ड सदस्यों को पंचायात के विकास में भूमिका एवं उतरदायित्व, स्थायी समिति, कार्यकारिणी बैठक, ग्राम सभा इत्यादि ग्रुप पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। प्रशिक्षण के समापन कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी मेघनाथ उरांव एवं पंचायत शाखा के डीपीएम मानस मंडल ने शिरकत की। उरांव ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यों में दक्षता लाता है। आप सभी प्रशिक्षण में सीखी गई बातों को अपने कार्य क्षेत्र में उतारें एवं गांव के विकास में आम भूमिका निभाएं। मंडल ने वार्ड सदस्यों को उनके कर्तव्य एवं वार्ड के विकास में उनकी भूमिका से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर विनीता कुमारी द्वारा दिया गया। मौके पर प्रखंड समन्वयक सुमन कुमारी, रिसोर्स पर्सन पवन, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी तथा सभी वार्ड सदस्यों ने भाग लिया।



## टीएसपीसी एरिया कमांडर के घर कोर्ट का नोटिस

**बालूमाथ।** चंदवा थाना के प्राथमिक अभियुक्त टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के एरिया कमांडर अजीत जी उर्फ बालेंद्र गंझू पिता स्व दरसु गंझू के घर चंदवा पुलिस ने बालूमाथ थाना पुलिस के सहयोग से न्यायालय का इतिहार चिपकाया। पुलिस ने इश्तिहार चिपकने से पूर्व उग्रवादी का घर के आसपास के ग्रामीणों को मामले से अवगत कराते हुए विधिवत न्यायालय का नोटिस चिपकाया गया। मौके पर पुलिस ने बतलाया कि अगर प्राथमिक अभियुक्त 30 दिनों के अंदर न्यायालय में समर्पण नहीं करता है तो घर की कुर्की जप्त कर ली जाएगी। बता दें कि टीएसपीसी उग्रवादी संगठन के अजीत चंदवा थाना का नामजद अभियुक्त है। इस दौरान मकईया ताड़ पिकेट प्रभारी रामजी ठाकुर व सैट 108 के जवान शामिल रहे।

## मनिका विधायक ने पीसीसी सड़क का किया शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। मनिका** मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने गुरुवार को प्रखंड स्थित लाली मोड़ के पास पीसीसी सड़क का शिलान्यास किया। मौके पर विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा पास पीसीसी सड़क बनवाने की मांग जा रही थी। ग्रामीणों को आवागमन में दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

मौके पर विधायक प्रतिनिधि दरोगी प्रसाद यादव, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, प्रखंड 20सूत्री अध्यक्ष विश्वनाथ पासवान, मनिका विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश पासवान, दून्दू पंचायत मुखिया चांदनी देवी, समाजसेवी अख्तर अंसारी, वृंदबिहारी यादव, तस्लीम अंसारी, अरुण सिंह, मनोज पासवान, रंजीत प्रसाद, नवल सिंह, सुरेंद्र भारती, बरकाड़ीह पंचायत मुखिया धनलाल उरांव, हैदर अली समेत सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## ट्रेनों से हो रहा है इमारती लकड़ी का अवैध धंधा

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा** प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों अवैध इमारती लकड़ी के चिरान का अवैध व्यापार जोरों पर है। दो दिन पहले ही आरपीएफ के जवानों ने ट्रेन से कीमती लकड़ी को जब्त कर वन विभाग को सौंप दिया था। बावजूद इसके अवैध लकड़ी का कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा है। चंदवा वन क्षेत्र के गांव के जंगलों से धंधेबाज लकड़ी कटवाकर उसका चिरान बनवा कर निंद्रा रेलवे-स्टेशन मंगवाते हैं। यहां से ट्रेन की बोगी में लोड कर रांची जिला के खलारी और अन्य स्टेशनों पर उतार कर अन्यत्र भेजा जाता है। बताया जातता हैं की यह धंधा वर्षों से फल फूल



रहा है। बताया जाता है कि पूर्व के रेंजर के निर्देश पर वन विभाग की टीम ट्रेनों में गस्त करती थी जिससे क्षेत्र में लकड़ी चिरान का अवैध व्यापार नहीं के बराबर होता था। वर्तमान में वन विभाग का गस्ती ट्रेनों में नहीं हो रही है इसलिए यह धंधा पुनः फलने फूलने लगा है। इस संबंध में चंदवा वन क्षेत्र पदाधिकारी से फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया पर संपर्क नहीं हो पाया।

**मांग** फसल बीमा को लेकर पैक्स अध्यक्षों ने की बैठक

## चतरा को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करे सरकार

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा** व्यापार मंडल कार्यालय टंडवा में गुरुवार को पैक्स अध्यक्षों की बैठक हुई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत क्षतिपूर्ति भुगतान हेतु जारी विभागीय पत्र में बड़े पैमाने पर बीमाधारक किसानों का नाम नहीं रहने से उपजे असंतोष पर चर्चा की गई। बताया गया कि पिछले माह 7 अगस्त को सहकारिता पदाधिकारी चतरा द्वारा सूची जारी की गई थी, जिसमें प्रखंड क्षेत्र के महज तीन किसानों का ही नाम अंकित हैं, जबकि वर्ष 2018-2019 की बात करें तो लगभग 10 हजार से अधिक



किसानों ने अपने फसलों का बीमा करवाया था। ऐसे में बीमाधारक किसानों का नाम नहीं होने से बड़े पैमाने पर लोगों में आक्रोश पनपना लाजिमी है। इसके लिए पैक्स अध्यक्षों ने भी किसानों के पक्ष में खड़ा होकर सरकार से अविलंब संज्ञान लेने का आग्रह किया है। जारी सूची को तत्काल संशोधित करते हुए बीमा कंपनियों से शत-प्रतिशत किसानों को लाभ देने की मांग की गई। वहीं पैक्स अध्यक्षों ने बताया कि लगातार इस बार भी टंडवा के किसानों को सुखाड़ का सामना करना पड़ा है, केंद्र व राज्य सरकार द्वारा पूरे क्षेत्र को सुखाड़ घोषित कर किसानों को तत्काल राहत पहुंचाने की जरूरत है। मौके पर विजय गीरी, मंगलदेव सिंह, बीरेंद्र साहू, विजय पाठक, परशुराम चौधरी, नागेश्वर साव, सकेंद्र महतो, विजय पांडेय, कृष्णा भगत, जितेंद्र नायक समेत अन्य पैक्स अध्यक्ष मौजूद थे।

## संक्षिप्त

### सीएमडी ने तेतरिया माइंस का किया निरीक्षण

**बालूमाथ।** राजहरा एरिया अंतर्गत संचालित तेतरिया कोल परियोजना में सीसीएल सीएमडी डॉक्टर बीरा रेड्डी पहुंचे। मौके पर जीएम कमल मांझी और परियोजना पदाधिकारी कन्हैया लाल यादव ने बुके देकर सीएमडी का स्वागत किया। सीएमडी के साथ माइंस के जीएम कमल मांझी एवं पीओ कन्हैया लाल यादव सहित सीसीएल के कई पदाधिकारी के साथ सीएमडी ने तेतरिया माइंस का जायजा लिया एवं ग्रामीणों से संपर्क कर माइंस के विस्तारिकरण के लिए दिशा निर्देश दिए। वहीं महज दो हजार मेट्रिक टन कोयला प्रतिदिन प्रोडक्शन होने पर सीएमडी ने नाराजगी जाहिर करते हुए प्रोडक्शन अधिक से अधिक करने का पीओ को निर्देशित किया। इस दौरान सीएमडी ने बालूमाथ स्थित रेलवे कोल साईडिंग का दौरा कर फ्यूचर प्लान को लेकर मौजूद सीसीएल अधिकारियों को निर्देशित किया इसके बाद सीएमडी ने मगध अम्रपाली माइंस की ओर चले गए। इस दौरान उपरोक्त लोगों के अलावे सीसीएल के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### एक्सपोजर विजिट पर प्रमुख हैदराबाद रवाना

**लातेहार।** एक्सपोजर विजिट के लिए बरवाडीह प्रमुख सुशीला देवी एवं गारू प्रमुख सीता देवी हैदराबाद के लिए गुरुवार को समाहरणालय से रवाना हुए। डीपीएम मानस मंडल ने दोनों प्रमुखों को हैदराबाद के लिए रवाना किया। मंडल ने बताया कि पंचायती राज झारखंड सरकार के संयुक्त सचिव के निर्देशानुसार 10 सितंबर को नॉर्थ हैदराबाद में एक्स्पोजर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है।

### रसोईयों के धरना को लेकर दिया गया ज्ञापन

**बरवाडीह।** झारखंड राज्य विद्यालय रसोइया संघ प्रखंड कमेटी के जिला सचिव रीना देवी ने अपनी रसोइया बहनों की बकाया मजदूरी सहित अन्य मांगों के सवाल को लेकर 11 सितंबर को बरवाडीह प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी कार्यालय के समक्ष प्रस्तावित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम से संबंधित ज्ञापन शिक्षा विभाग के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी को दिया। रीना देवी ने कहा कि एक तो कई माह का मानदेय बकाया है। वहीं मानदेय भी मनमानी तरीके से मिलता है। आज उन्हें मात्र 2000 रुपये महीने पर 8 से 9 घंटे प्रति दिन काम लिया जाता है, जो न्यूनतम मजदूरी से भी कम है। पेंशन और बीमा जैसा कोई सुविधा उन्हें नहीं मिलता है।

### बाल विवाह व शिक्षा को लेकर की गई बैठक

**बारियातु।** प्रखंड क्षेत्र के टोटी पंचायत भवन परिसर में जन भावना फाउंडेशन के तहत बैठक की गई। बैठक में जिला हेड शशिकांत तिवारी ने बताय कि संस्था समाज के लिए जन जागरूकता का काम कर रही है। संस्था का उद्देश्य हर हाथ रोजगार और हर घर शिक्षा देना है। पंचायत वार काम किया जा रहा है और हर पंचायत में रोजगार देंगे। ट्रेनिंग कर उन्हें आगे की ओर बढ़ाया जाएगा और संस्था की ओर से हर पंचायत में क्लीनिक खोला जाएगा। बालिका समृद्धि योजना के तहत लड़कियों को कंपनी की ओर से शादी के समय सामान दिया जाएगा। हर पंचायत में शिविर लगाकर लोगों का इलाज किया जाएगा। दवाई खरीदने पर 30 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी। मौके पर रोहन रवि, सुरेश यादव, राजेश यादव, मनोज यादव, राजू रंजन, राजेश राम, हीरालाल कुमार, आकाश, मुखिया रानो देवी, शांति देवी, मुकेश कुमार, कार्तिक कुमार आदि मौजूद थे।

### लंपी बीमारी से दो दर्जन मवेशी हुए ग्रसित

**गिद्धौर।** प्रखंड क्षेत्र के रोहमर गांव में लंपी बीमारी से दो दर्जन मवेशी ग्रसित है। मावेसियों के इस रोग से पशुपालक काफी परेशान हैं। पशुपालकों ने स्थानीय तौर पर उन्हें इलाज कराया।परंतु बीमारी से निजात नहीं मिल रहा है। ऐसे में पशुपालक काफी भयभीत हैं। वहीं रोहमर गांव के ग्रामीणों ने बताया कि मवेशियों के शरीर में फोड़ा हो जाता है और खाना पीना छोड़ देते हैं। इसके कुछ दिन बाद मवेशी की मौत हो जाती है। ग्रामीणों ने प्रखंड व जिला प्रशासन के साथ मवेशी डाक्टरों से इलाज करने की गुहार लगाई है।

### कुएं में फंसे दो जंगली जानवर सुरक्षित निकाले

**गिद्धौर।** वनपाल रूपलाल यादव के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने गुरुवार को गिद्धौर प्रखंड के बरटा गांव के कुएं में फंसे दो जंगली जानवरों को सुरक्षित निकाल कर जंगल में छोड़ दिया। ज्ञात हो कि जंगली जानवर सियार उर्फ लोमड़ी बरटा गांव के एक कुएं में पांच दिनों से फंसे थे। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम ने वनपाल के नेतृत्व में उक्त स्थल पर पहुंच रेस्क्यू कर कुएं में फंसे दोनों जानवरों को कडी मसकत के बाद सुरक्षित निकालकर जंगल में छोड़ दिया।

### जन भावना संस्था की बैठक, लिए गए कई निर्णय

**प्रतापपुर।** स्वंयसेवी संस्था जन भावना फाउंडेशन की बैठक प्रखंड अंतर्गत रामपुर पंचायत भवन में गुरुवार को हुई। इसमें मुख्य अतिथि संस्था के झारखंड स्टेट हेड बिनोद राम, जोनल हेड संजय कुमार, जिला हेड अरविंद पासवान, प्रतापपुर एवं कुंदा प्रखंड हेड मनीष पासवान एवं रानी आदि उपस्थित थे। बिनोद राम ने बताया कि संस्था हर हाथ को हुनर, जन जन को रोजगार के उद्देश्य से आई हुई है। संस्था आज 18 योजनाओं के साथ जन कल्याण का कार्य करने का लक्ष्य रखा है। इसमें हेल्थ केयर कार्ड, बालिक समृद्धि योजना, स्मार्ट मार्ट, स्मार्ट स्कूल, स्मार्ट क्लिनिक, नशा मुक्ति योजना शामिल है।

### कस्तूरबा विद्यालय के वार्डन को बर्खास्त कर गिरफ्तारी की मांग, अंचलाधिकारी के लिखित आश्वासन के बाद लोगों ने हटाया जाम

# छात्रा के शव के साथ सड़क पर बैठे ग्रामीण, थाना प्रभारी से नोकझोंक

**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**

चैनपुर बस स्टैंड के पास जारी थाना क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने जारी के जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाईक के नेतृत्व में कस्तूरबा आवासीय विद्यालय जारी की 9 वी क्लास की छात्रा करिश्मा कुमारी पिता फुदन नायक के शव के साथ गुरुवार दोपहर 1 बजे के करीब मुख्य सड़क को जाम कर विद्यालय के वार्डन के खिलाफ नारेबाजी की एवं उसे बर्खास्त करते हुए उसकी गिरफ्तारी कर कार्रवाई की मांग की। साथ ही अंतिम संस्कार हेतु आकस्मिक सहायता की मांग एवं सरकारी सुविधा देने हेतु समग्र कार्रवाई की मांग की। इस दौरान चैनपुर में साप्ताहिक बाजार लगने के कारण जाम के दौरान दोनों ओर गाड़ियों का ताता लगा रहा। आम राहगीरों से लेकर सब्जी खरीदने बाजार आने वाले लोग भी काफी परेशान रहे। वहीं करीब 1 घंटे के उपरांत चैनपुर अंचलाधिकारी गौतम कुमार एवं चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह मौके पर पहुंच कर आक्रोशित ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया। आक्रोशित ग्रामीणों के साथ चैनपुर थाना प्रभारी की नोकझोंक भी हो गई। अंचलाधिकारी गौतम कुमार के द्वारा आक्रोशित ग्रामीणों के समक्ष मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया गया। हालांकि ग्रामीण लिखित में देने के बाद ही जाम हटाने की मांग पर अड़े रहे। अंचल अधिकारी के लिखित रूप से देने के बाद ही जाम खुल सका।



इधर जिप सदस्य दिलीप बड़ाईक ने बताया कि जरडा मरियम टोली निवासी 9 क्लास में पढ़ने वाली मासूम छात्रा करिश्मा कुमारी की मौत की जिम्मेदार वार्डन कमला देवी है। वार्डन की लापरवाही के कारण कस्तूरबा स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा की मौत हो गई जो काफी शर्मनाक है। उन्होंने बताया कि पिछले 8 से 10 दिनों से करिश्मा बीमार थी मगर इसकी जानकारी वार्डन ने ना ही परिजनों को दी और ना ही उसका इलाज करवाया। जब करिश्मा की हालत बेहद खराब हो गई तब विद्यालय के गार्ड के द्वारा रांची के रिश्तेदार को सूचना दी गई, जिसने इसकी जानकारी परिजनों को दी। परिजन आनन फानन में बीमार बेटी को इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल लेकर जा रहे थे मगर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। छात्र की मौत की खबर जारी में आग की तरह फैल गई। इसके बाद वार्डन कमला देवी के प्रति लोग काफी आक्रोशित हो गए। बड़ाईक ने कहा कि ऐसे वार्डन पर अगर कार्रवाई नहीं हुई तो और भी कई बच्चों का भविष्य बर्बाद हो जाएगा और कई माता-पिता जो अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से कस्तूरबा विद्यालय भेजते हैं उनका भरोसा टूट जाएगा। सरकार ने गरीब बच्चियों को बेहतर शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से कस्तूरबा विद्यालय की स्थापना की थी। मगर इन विद्यालयों में वार्डेन के द्वारा लूट खसोट एवं छात्राओं पर शोषण का मामला आए दिन देखने एवं सुनने को मिलता है। ऐसे वार्डनों पर कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। घटना के बाद कस्तूरबा विद्यालय के वार्डन के रवैया पर तरह-तरह की चचाएं की जा रही है। कोई कह रहा है कि वार्डन अपनी मर्जी से कार्य करती है और किसी की बात नहीं सुनती है बच्चों को मिलने वाले पोषक आहार भी बच्चों को नहीं मिल पाता है।

### लोहरदगा जिले में भक्ति भाव से किया गया कार्यक्रमों का आयोजन

# श्रद्धा के साथ मना श्री कृष्ण जन्मोत्सव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

बड़ा तालाब शिव मंदिर के प्रांगण में श्री कृष्णा जन्म उत्सव का कार्यक्रम मनाया गया। इसमें हजारों कृष्ण भक्त शामिल हुए। इसके साथ ही विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस भी मनाया गया। यह कार्यक्रम बजरंग दल के जिला संयोजक सचिन कुमार के नेतृत्व में किया गया। 70 बच्चे राधा कृष्ण के रूप में उपस्थित हुए। सभी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक राजेंद्र खत्री एवं विशिष्ट अतिथि विश्व हिंदू परिषद के प्रांत परावर्तन प्रमुख अनिल कुमार गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद प्रांत कार्य समिति सदस्य लाल ओंकार नाथ शहदेव, विश्व हिंदू परिषद जिला उपाध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता, पूर्व जिला उपाध्यक्ष सतीश जयसवाल, एकल अभियान अध्यक्ष नवल अग्रवाल, अशोक कांस्यकार, विजय खत्री, राजेश अग्रवाल, जिला परिषद सदस्य संदीप गुप्ता, संजय खत्री, रितेश साहू, मनोज सोनी, प्रमोद प्रजापति, लोकेश कुमार, गौरक्षा प्रमुख चंदन गोप, बजरंग दल विद्यार्थी प्रमुख सनी कुमार, सहसंयोजक राजकुमार, सहसंयोजक अभिनव कुमार, नगर विद्यार्थी प्रमुख दीक्षांत आर्य, संघ बाल कार्य प्रमुख सत्यम कुमार, शैलेश अग्रवाल, नगर सह शारीरिक प्रमुख विक्रांत ठाकुर, सचिन कपिल, पीयूष अग्रवाल, तुषार कुमार, प्रियांशु कुमार, श्रेयांश सिद्धार्थ, सत्यम राज, दीपक साहू, बजरंग साहू, हसमुख रंजन, विशाल कुमार, गुड्डू साहू,अमीर चंद्र अग्रवाल, युवराज कुमार, अमित अग्रवाल एवं अनेको कृष्ण भक्ति उपस्थित थे।



### हर्षोल्लाष से मनाई गई जन्माष्टमी

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के बदला, सेरेंगहातु, चितरी, कोराम्बे, अरु, झखरा, बाजार डांडू, सीठीयो, सेन्हा, चौकनी सहित अन्य गांवों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व उमंग व हर्षोउल्लाष से मनाया गया। सेन्हा दुर्गा मंदिर में रात्रि जागरण व भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था। वहीं बच्चे श्रीकृष्ण के भेष में आकर्षण का केंद्र थे। वहीं सेन्हा में विश्व हिंदू परिषद और दुर्गा वाहिनी द्वारा जन्माष्टमी पर धूमधाम से श्रीकृष्ण का पूजन किया गया। पंडित अवनीश पाठक, नर्मदेश्वर पाठक, राजेश पाठक के द्वारा पूजा करायी गयी। महिलाओं द्वारा मंगल गीत गाया गया। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष रणजीत साहू, राखी कुमारी, तानिया कुमारी, प्रिया कुमारी, गौतम महतो, अजय सोनी, बिंदिया कुमारी, शिल्पी कुमारी, रिया कुमारी, उपेंद्र महतो, मदन महतो, लक्ष्मी कुमारी आदि मौजूद रहे।

### रूप सज्जा व नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर कन्या भारती के अंतर्गत रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की आचार्या श्वेता संदेश के दिशा निर्देशन में बहनों द्वारा अत्यंत आकर्षक रूप सज्जा का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा सप्तम की बहन आयुषी कुमारी ने भगवान श्री कृष्ण के रूप सज्जा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर पुष्पा नाथ मां लक्ष्मी के रूप सज्जा में एवं कक्षा षष्ठ की लाडली कुमारी ने राधा के रूप सज्जा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में साक्षी अग्रवाल, शिवानी कुमारी, प्रीति कुमारी, परी कुमारी, पूजा कुमारी, पीहू कुमारी, नमिता कुमारी, सृष्टि कुमारी, पल्लवी कुमारी, मेघा कुमारी, चाहत कुमारी, रिया कुमारी, अदिति कुमारी आदि बहनों ने भाग लिया। नृत्य प्रतियोगिता में अनुप्रिया कुमारी, कशिश कुमारी, माही कुमारी और धानी कुमारी ने मनमोहक प्रस्तुति दी। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, आचार्या मधुमिता शर्मा, जया मिश्रा, अक्षरा पालीवाल, मंजू देवी, प्रोन्नति यादव, अनीता देवी उपस्थित थे।



### बच्चों ने किया बाल कृष्ण व राधा का मनोहारी रूप धारण

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय में प्राचार्य जीपी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक शितेश कुमार पाठक, अश्विन पात्रो व आरती कुमारी द्वारा जन्माष्टमी उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को जन्माष्टमी का महत्व, इतिहास व विधि विधान की जानकारी दी गई। मंच का संचालन शिक्षक पी के सिन्हा के साथ अनुष्का आर्या व अंतरा कुमारी ने किया। कक्षा एलकेजी से तृतीय तक के सभी बच्चों ने बाल कृष्ण व राधा का मनोहारी रूप धारण किया। संगीत शिक्षक श्रवण कुमार पाठक के साथ बालिकाओं ने कृष्ण भजन प्रस्तुत किया। कृष्ण जन्म पर आधारित नाटक भी प्रस्तुत किया गया। जन्माष्टमी पर आधारित कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के बच्चों के मध्य फैंसी ड्रेस वी नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा एलकेजी में आद्या उरांव, अर्चित मिश्रा, अभिजीत पाठक, विवान राज, अनुराज कुण्डू, आकाश पंकज, अंश रंजन, जयेश कुमार, राधिका उरांव, साक्षी भगत, अयांश कुमार व सौरभ भगत ने कक्षा यूकेजी में सिया तमेड़ा, काव्य तरूशी, काशवी कुमारी, निधि कुमारी, पाही पूर्वी, काव्य मुखियार, प्रतिष्ठा गोराए, अन्वी रानी व एसके सुहान कक्षा प्रथम में अन्य गर्ग, आयुष कुमार साहू, काव्य बांका, दिव्यांश मेहता, रिद्धि कुमारी, सिद्धि कुमारी, प्रयांश वर्मा, देवाशं बर्मा, आमायरा राज, काव्या गोयल, अनसिका उरांव, अनोखी उरांव, अंश कुमार साहु, वैष्णवी कुमारी व आरोही बर्मा ने कक्षा द्वितीय में अनन्या सोनी, आरोही कुमारी, पल्लवी कुमार, संस्कार साहु, कोमल कुमारी, नव्या तरुशी, अनन्या कुमारी, प्रिंस कुमार, वेदांश नंद, आरुष चौधरी, मान्या राज, ज्योतिलता, अनम अक्षा, भव्या सिह, नव्या निहारिका, जिविषा बोचिवाल, आर्यन उरांव, अभिराज, रीत कुमार व प्रनीत भगत में प्रथम स्थान अर्जित किया। प्रतियोगिता में अश्विन पात्रो, सोमिता दास, रजनी प्रसाद, श्वेता कुमारी, देवकी व संगीता मित्तल ने निर्णायक की भूमिका निभाई। शिक्षक परमित कुमार व पूनम सिंह ने भी कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई।

### भजन कीर्तन व मटका फोड़ प्रतियोगिता हुई

**कुडू।** कुडू के समीप सुंदरवर्ती ग्राम गोली में हर वर्ष की भांति इस इस वर्ष भी जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। इसमें गोली, कुंडों, जामुन टोली, कुडू, धोबी टोला आदि गांव ने भाग लिया। इस आयोजन में 12 से 15 वर्ष के बच्चों को मौका दिया गया था, जिसमें ग्राम कुंडो के प्रतिभागियों ने जीत हासिल की। विजयी टरीम टोली को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में उदय यादव, लोकेश पाठक, डब्लू पाठक, रामप्रवेश पहन, विकास यादव उर्फ विक्की, नरेश यादव, प्रेम यादव, अरविंद यादव, संदीप यादव, राजबहादुर पहन, दिलीप पहन आदि का योगदान रहा।

### गीता पाठ में रोशनी उरांव व प्रश्नोत्तरी में अवंतिका पुजारी प्रथम

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय लोहरदगा में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर गीता पाठ और गीता प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया। गीता पाठ प्रतियोगिता में रोशनी उरांव प्रथम, मृत्युंजय पाठक द्वितीय और आशुतोष कुमार साहू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गीता पाठ प्रतियोगिता में पायल वर्मा, अनिमा कुमारी, पूनम कुमारी, बबली कुमारी आदि की भी सहभागिता सराहनीय रही।`गीता प्रश्न मंच प्रतियोगिता 8 चक्रों और 3 अतिरिक्त चक्र में संपन्न हुई। गीता प्रश्न मंच प्रतियोगिता में अवंतिका कुमारी,पायल वर्मा व रिया कुमारी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में नितेश उरांव, आदित्य उरांव, रोशन उरांव, अमन टोप्पो, चंदन महतो, पायल वर्मा, ईशा कुमारी, सोनी उरांव, अनिमा कुमारी, विशाल शिखर, रोशनी उरांव आदि ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, निर्णायक मंडली सदस्यों और कार्यक्रम प्रमुख ने सभी विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिया। निर्णायक की भूमिका में ऋद्धि व चेतना और समय-पालक की भूमिका में यशोदा की थी। संचालक व प्रश्नकर्ता की भूमिका प्रीति गुप्ता ने निभाई। मौके पर नीतू कुमारी, रेणु कुमारी, रश्मि साहू, कविता कुमारी, स्नेहा शर्मा, आरती भगत, रितेश पाठक भी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त

### वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए निकाली रैली

**लोहरदगा।** विश्व स्तर पर वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्यों को बढ़ावा देने और कार्रवाई को तेज करने के लिए इंटरनेशनल डे ऑफ क्लीन एयर फॉर ब्लू स्काइज (नीले आसमान लिए अंतर्राष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस) मनाया गया। गुरुवार को सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो की अध्यक्षता में सदर अस्पताल की ओर से लोहरदगा जिला में टुगेदर फॉर क्लीन रैली का आयोजन सदर अस्पताल से पावरगंज चौक और वापस पावरगंज चौक से सदर अस्पताल तक किया गया। रैली के उपरांत सिविल सर्जन कार्यालय स्थित सभागर में कार्यशाला का भी आयोजन किया गया। इसमें बताया गया कि वायु प्रदूषण के असुरक्षित स्तर के संपर्क में आने वाले गर्भवती धात्री माताओं एवं बच्चों को जीवन भर स्वास्थ्य समस्यायों का सामना करना पड़ सकता है। इस मौके पर सदर अस्पताल में कार्यरत चिकित्सक एवं कर्मीगण उपस्थित थे।

### योगी सेना ने तमिलनाडु के मंत्री का पुतला फूंका

**लोहरदगा।** तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधी स्टालिन के सनातन को लेकर दिए गए विवादित बयान को लेकर बरवा टोली चौक में योगी सेना के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया गया औश्र स्टालिन का पुतला फूंका गया। पुतला दहन कार्यक्रम का आयोजन योगी सेना के सोशल मीडिया प्रभारी यशस्वी ओझा के नेतृत्व में हुआ। इसमें जिला अध्यक्ष प्रवीन ठाकुर, नगर अध्यक्ष प्रियांशु कुमार, बरवा टोली मंदिर के अध्यक्ष रमेश कुमार, श्रेयांश सिद्धार्थ, तुषार कुमार, दीपक साहू, आर्यमान किशू, सतीश कुमार, विशाल गुप्ता, पीयूष पांडेय, हर्ष कुमार, कौशल साहू, हैप्पी कुमार, पिंटू कुमार, भोला साहू, श्रेयाल केशरी, संभव तमेड़ा, दिव्यांश कुमार, राहुल कुमार, राणा कुमार, आर्यन कुमार सहित सैकड़ों लोग शमिल थे।

### सेना ने बाबा मठ में किया हनुमान चालीसा पाठ

**लोहरदगा।** योगी सेना के तत्वाधान में बाबा मठ (त्रिकोणीय) में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ और महाआरती का आयोजन किया गया। इस सामूहिक हनुमान चालीसा में शहर के सैकड़ो युवा, महिला पुरूष शामिल हुए और बजरंग बली का पाठ किया। जिलाध्यक्ष प्रवीण ठाकुर ने कहा कि योगी सेना यह कार्य हिंदू जागृत करने के लिए कर रही है और यह कर सभी क्षेत्रों में करेगी। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रवीन ठाकुर, नगर अध्यक्ष प्रियांशु कुमार, बरवा टोली मंदिर के अध्यक्ष रमेश कुमार, श्रेयांश सिद्धार्थ, तुषार कुमार, दीपक साहू, आर्यमान किशू, सतीश कुमार, विशाल गुप्ता, पीयूष पांडेय, हर्ष कुमार, कौशल साहू, हैप्पी कुमार, पिंटू कुमार, भोला साहू, श्रेयाल केशरी, संभव तमेड़ा, दिव्यांश कुमार, राहुल कुमार, राणा कुमार, आर्यन कुमार सहित सैकड़ों लोग शमिल थे।

### कोचिंग जा रहे छात्रों की बाइक दुर्घटनाग्रस्त

**सेन्हा।** लोहरदगा गुमला मुख्य पथ पर सेन्हा राजू मिल के समीप बाइक अनियंत्रित हो सड़क के किनारे बिजली पोल के बगल में जा गिरी जिससे सवार तीनों घायल हो गए। ग्रामीणों ने तीनों घायल छात्रों को इलाज के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को प्राथमिक उपचार के उपरांत बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लोहरदगा रेफर कर दिया। घायल छात्रों की पहचान जोगना मोड़ निवासी मनोज साहू के पुत्र हर्ष, जीतू उरांव के पुत्र अनीस उरांव तथा गया साहू के पुत्र प्रवीण साहू के रूप में की गयी। ग्रामीणों ने पथ से बिजली खंभे को हटाने की मांग की है।

### बारिश में गरीब का गिरा मकान, मदद की गुहार

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र में रुक-रुक कर हो रही बारिश के कारण झालजमीरा पंचायत के दतरी ग्राम में गरीब किसान का कच्चा खपरैल मकान का छप्पर गिर गया। वहीं दीवार गिरने के कगार पर है। इससे परेशान शनिचारवा उरांव पिता स्वर्गीय खेदुआ उरांव मुखिया बंधन उरांवसे मदद की गुहार लगाई है। मुखिया ने पीड़ित परिवार को आश्वसन देते हुए कहा कि आपदा राहत कोष के माध्यम से सहायता प्रदान करने का प्रवधान है, जिसके तहत सहयोग दिलाने का प्रयास किया जाएगा। अंचलाधिकारी सेन्हा को आवेदन देने की सलाह पीड़ित परिवार के सदस्यों को दिया गया।

### पुलिस ने दो वारंटी को किया गिरफ्तार

**लोहरदगा।** पेशरार पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। दो गैर जमानतीय वारंटी केश्वर उराव पिता बलकु उराव साकिन ओनेगढ़ा, खूंटी टोली एवं किशुन नागेशिया पिता चरण नागेशिया साकिन केकरांग दोनों थाना पेशरार जिला लोहरदगा के घर पर छापामारी कर विधिवत गिरफ्तार किया गया. मौके पर पेशरार थाना प्रभारी अख्तर अली व थाना बल मौजूद थे।

### स्कूल में राधा कृष्ण प्रतियोगिता का आयोजन

**लोहरदगा।** डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल लोहरदगा के प्रांगण में कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर राधा- कृष्ण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य ने की। इस मौके लगभग 50 बच्चे कृष्ण एवं राधा का स्वांग रचकर आये थे। उनको देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो साक्षात राधा- कृष्ण धरती पर उतर आये हैं। मौके पर संचालक बी के बालान्जिनप्पा, चन्द्रशेखर प्रसाद, निकेत, मनीषा, रीतिका, महविश, नीदा, साक्षी समेत अन्य शिक्षक एवं शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

### पीडीएस दुकानों में गेहूं और चावल पहुंचा

**भंडरा।** आपूर्ति विभाग के द्वारा जन वितरण प्रणाली दुकानदारों को राशन कार्डधारी के बीच अनाज वितरण करने के लिए गेहूं एवं चावल की आपूर्ति कर दी गई है। जन वितरण प्रणाली के तहत लाल कार्ड एवं पीला कार्ड धारी गरीब परिवारों को अगस्त महीने का अनाज वितरण शुरू कर दिया गया है। कार्ड धारी अपने जन वितरण प्रणाली दुकानदार से अगस्त महीने का अनाज का उठाव कर सकते हैं। इस संबंध में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी संदीप तिर्की ने बताया कि अनाज उठावा में देरी होने के कारण अगस्त महीने में जन वितरण प्रणाली के दुकान तक अनाज की आपूर्ति नहीं की जा सकी थी। अगस्त महीने का अनाज की आपूर्ति सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानों में इस सप्ताह कर दी गई है।

**आयोजन** भारत जोड़ो यात्रा की वर्षगांठ पर कांग्रेसियों ने की पदयात्रा

# 'सामाजिक ताना-बना खत्म कर रही भाजपा'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में भारत जोड़ो यात्रा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर कांग्रेस कार्यालय राजेंद्र भवन से जिला अध्यक्ष सुखेर भगत के नेतृत्व में भारत जोड़ो पदयात्रा का शुभारंभ किया गया जो कचहरी मोड़ स्थित बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष समाप्त हुई। इसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की शामिल हुए। अंत में भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा के समक्ष सभा का आयोजन हुआ। इसमें बंधु तिर्की ने कहा कि विगत वर्ष 7 सितंबर 2022 को राहुल गांधी के द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक लगभग चार हजार किलोमीटर भारत जोड़ो पदयात्रा 12 राज्य एवं दो केंद्र शासित प्रदेश से होकर गुजरा था। राहुल गांधी देश के ज्वलंत मुद्दों को लेकर आम



जनता से सीधा संवाद भी किए थे। केंद्र की मोदी सरकार का विगत 9 साल का कार्यकाल से जनता परेशान है। महंगाई और बेरोजगारी विकराल रूप ले लिया है। भाजपा और आरएसएस जैसे संगठन देश के सामाजिक ताना-बाना को खत्म करने पर आमादा है। लोकतंत्र पर प्रहार किया जा रहा है और संविधान के साथ छेड़छाड़ किए जा रहे हैं। ऐसे में देश की राष्ट्रीय एकता खतरे में पड़ गई है। सभा को जिला अध्यक्ष सुखैर भगत, कार्यकारी जिला अध्यक्ष शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि डॉ अजय सहदेव एवं प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी युवा कांग्रेस महिला कांग्रेस एनएसयूआई सेवादल अल्पसंख्यक कांग्रेस ओबीसी कांग्रेस एवं एसटी कांग्रेस के काफी संख्या में कार्यकर्ता भाग लिए। जिसमें प्रदेश सचिव जगदीप भगत, जिला परिषद अध्यक्ष रीना भगत जिला उपाध्यक्ष निश्चित जायसवाल, मोहन दुबे, शामुल अंसारी, जिप सदस्य रूबी कुमारी, कुणाल अभिषेक, विशाल डुंगडुंग, विनय उरांव समेत सैकड़ो की संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# एसपी ने किया व्यवहार न्यायालय का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

राज्य की अदालतों के अधिवक्ताओं और जजों की आवासीय कॉलोनी की सुरक्षा को लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने सभी जिलों के एसपी को कई दिशा निर्देश दिए हैं। इसके बाद लोहरदगा एसपी आर रामकुमार ने व्यवहार न्यायालय परिसर, जज और उनके आवासीय कॉलोनियों का औचक निरीक्षण किया और सुरक्षा को देखते हुए कई दिशा निर्देश भी दिए। जिले के कोर्ट परिसर में अब सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जायेगी। साथ ही पदाधिकारी और सुरक्षा बलों की वरीय पुलिस पदाधिकारी द्वारा लगातार औचक निरीक्षण किया जायेगा, जिससे अधिवक्ताओ और जजों के साथ व्यवहार न्यायालय के कर्मचारियों की सुरक्षा में किसी भी प्रकार का सेंधमारी न हो सके। सुरक्षा व्यवस्था के लिए कोर्ट परिसर में चहारदीवारी, गेट, फेंसिंग वायर और सीसीटीवी कैमरा लगाने और अन्य व्यवस्था मजबूत करने का लोहरदगा एसपी आर रामकुमार ने निर्देश दिया है। जल्द ही कोर्ट परिसर में सुरक्षा के सारे उपकरण लगाए जाएंगे। एसपी अपने स्तर से लगातार स्थिति का भी मॉनिटरिंग करेंगे।



